भारतीय मानक ब्यूरो

(हिंदी विभाग)

संदर्भ: हिं/रा.का.स/2022 20.6.2022

विषय: **क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों द्वारा किए गए विशिष्ट कार्यों से अन्य क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों को अवगत कराने के संबंध में।**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 165 वीं बैठक में निर्णय लिया गया था कि हिंदी में विशिष्ट कार्य करने वाले बीआईएस के क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालय से ऐसे कार्यों की जानकारी ली जाए और उससे अन्य कार्यालयों को अवगत कराया जाए ताकि हिंदी प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहित किया जा सकें।

उपर्युक्त के प्रतिउत्तर में कोयम्बतूर शाखा कार्यालय और उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा किए गए विशिष्ट कार्यों का ब्यौरा प्राप्त हुआ है, जो निम्नलिखित है :

उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ एवं मोहाली प्रयोगशाला

1. कार्यालय के उपमहानिदेशक द्वारा ई-ऑफिस पर द्विभाषी रूप में टिप्पणियाँ लिखी जाती है |
2. उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय में हरियाणा शाखा कार्यालय के श्री दीपक सिंगला, वैज्ञानिक ई एवं प्रमुख, द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं मानक संवर्धन कार्यक्रमों में प्रस्तुति(Presentation) हेतु हिन्दी में तैयार की गई है |
3. उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय, के अंतर्गत मोहाली प्रयोगशाला में प्रयुक्त सभी उपकरणों के नाम हिंदी में भी प्रदर्शित किए गए |
4. दैनिक कार्यों जैसे भुगतान आदि हेतु हिन्दी में प्रोफॉर्मा तैयार कर लिए गए हैं |
5. हिन्दी के विषय में महापुरुषों के विचार, सूक्तियाँ आदि की पट्टियाँ बनवाकर सभी विभागों एवं प्रयोगशाला में लगवाई गई हैं |
6. उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय एवं मोहाली प्रयोगशाला में हिन्दी की पत्रिकाएँ खरीदी जा रही हैं |
7. कार्यालय में हिन्दी पखवाड़े के अवसर पर पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई जाती है |

कोयम्बतूर शाखा कार्यालय

1. कोयम्बतूर शाखा कार्यालय के 5 अधिकारियों/कर्मचारियों ने हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत हिंदी भाषा की पारंगत परीक्षा वर्ष 2021-22 में उत्तीर्ण की है।

ब्यूरो के सभी कार्यालयों से अनुरोध है कि वह भी अपने कार्यालयों में राजभाषा हिंदी में किए गए विशिष्ट कार्यों से समय-समय पर अवगत कराएं।

वि. कालरा

(विनोद कालरा)

प्रमुख(हिंदी)

ब्यूरो के सभी क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों को परिचालित।